# प्रेस नोट-थाना तिलहर

## जनपद शाहजहाँपुर

### सराहनीय कार्य दिनांक- 05.08.2026

### थाना तिलहर पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए 751 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (अफीम) सहित 02 अभियुक्त गिरफ्तार, मोटरसाइकिल व मोबाइल फोन बरामद

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) महोदया के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी तिलहर के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक थाना तिलहर के नेतृत्व में चलाए जा रहे चिन्हित अपराधियों की गिरफ्तारी, वांछित/वारंटी एवं जिलाबदर अपराधियों की तलाश, जुर्म-जरायम की रोकथाम, अवैध शराब, शस्त्र, अफीम एवं चरस के निर्माण/बिक्री की रोकथाम तथा संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग एवं गश्त अभियान के क्रम में थाना तिलहर पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई।

**<u>संक्षिप्त विवरण-</u>**

दिनांक 04.08.2026 को थाना तिलहर पुलिस टीम थाना क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने, संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग तथा अवैध शराब, शस्त्र एवं मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु भ्रमणशील थी। इसी दौरान मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि 02 व्यक्ति मादक पदार्थ अफीम लेकर बरेली-लखनऊ हाईवे पर ग्राम धनेली पल्टू स्थित लाल पेट्रोल पम्प के पास मौजूद हैं। प्राप्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुँचकर दिनांक 04.08.2026 को समय करीब 20:23 बजे अभियुक्तगण 1. अनवर पुत्र अब्दुल हसन निवासी मोहल्ला इस्लामनगर, थाना कटरा, जनपद शाहजहाँपुर, उम्र करीब 26 वर्ष तथा 2. जिशान पुत्र शरीफ निवासी मोहल्ला इस्लामनगर, थाना कटरा, जनपद शाहजहाँपुर, उम्र करीब 24 वर्ष को मोटरसाइकिल संख्या UP 27 BL 7863 (रंग काला) सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त अनवर की जामा तलाशी लेने पर उसकी पहनी हुई पैंट की दाहिनी जेब से एक सफेद पारदर्शी पन्नी में पैक मादक पदार्थ अफीम तथा बायीं जेब से एक हल्के रोज़ गोल्ड रंग का वीवो कंपनी का एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद हुआ। अभियुक्त जिशान की जामा तलाशी लेने पर उसकी पहनी हुई पैंट की दाहिनी जेब से एक डार्क कॉफी रंग का वीवो कंपनी का टचस्क्रीन एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद हुआ। बरामद मादक पदार्थ के स्रोत के संबंध में पूछताछ करने पर दोनों अभियुक्तों ने एक स्वर में बताया कि उक्त अफीम उन्होंने मोहल्ला इस्लामनगर के एक व्यक्ति से खरीदी थी, जिसे वे चेहरे से पहचानते हैं, किन्तु उसका नाम एवं पता नहीं जानते। अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर थाना हाजा लाया गया तथा बरामदगी के आधार पर उनके विरुद्ध मु0अ0सं0- 417/2026, धारा 8/18/29 एनडीपीएस अधिनियम बनाम 1. अनवर पुत्र अब्दुल हसन निवासी मोहल्ला इस्लामनगर, थाना कटरा, जनपद शाहजहाँपुर तथा 2. जिशान पुत्र शरीफ निवासी मोहल्ला इस्लामनगर, थाना कटरा, जनपद शाहजहाँपुर पंजीकृत किया गया। अभियुक्तगण के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है तथा उन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-</u>**

1. अनवर पुत्र अब्दुल हसन निवासी मो0 इस्लामनगर थाना कटरा जिला शाहजहाँपुर (उम्र करीब 26 वर्ष)
2. जिशान पुत्र शरीफ निवासी मो0 इस्लामनगर थाना कटरा जिला शाहजहाँपुर (उम्र करीब 24 वर्ष)

**गिरफ्तारी का स्थान व दिनांक,समय-**

दिनांक 04.08.26 को समय 20.23 बजे बरेली-लखनऊ हाईवे पर ग्राम धनेली पल्टू स्थित लाल पैट्रोल पम्प के पास से।

**पंजीकृत अभियोग-**

मु0अ0सं0 417/2026 धारा 8/18/29 एन.डी.पी.एस एक्ट थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।

**बरामदगी का विवरण-**

1. 751 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (अफीम)।
2. एक मोटर साइकिल सं0 UP 27 BL 7863 रंग काला सीज शुदा धारा 207 MV ACT
3. 02 अदद एण्ड्रोयड मोबाइल फोन

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1. श्री प्रिंस शर्मा, प्रभारी निरीक्षक थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।
2. श्री गौरव कुमार, उप निरीक्षक थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।
3. हे0का0 344 अशोक कुमार थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।
4. का0 2769 जोनी कुमार थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।